www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति
3 ग्लोरिफाई इंटरनेशनल के तत्वावधान में किड्स फैशन...
4 नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा गांव रोहेड़ा में...

वर्ष: 9 | अंक: 103 | दिल्ली, गुरुवार, 6 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

■ संक्षिप्त समाचार

## बिड़ला की बेटी अनन्या ने नए सौंदर्य प्रसाधन उद्यम की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी अनन्या बिड़ला ने बुधवार को एक नए उद्यम की शुरूआत के साथ तेजी से बढ़ते सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की। बयान के अनुसार, अनन्या बिड़ला (30) 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर सौंदर्य व व्यक्तिगत देखभाल ब्रांड की एक श्रृंखला लेकर आएंगी। बयान में कहा गया, बढ़ती खर्च योग्य आय, ई-कॉमर्स की गहरी पैठ और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ता खुलापन भारत में सौंदर्य को बढ़ावा दे रहा है। व्यक्तिगत देखभाल बाजार में सालाना 10-11 प्रतिशत की वृद्धि होने और 2028 तक इस क्षेत्र के 34 अरब अमेरिकी डॉलर का अवसर बनने की उम्मीद है। बिड़ला ने कहा, वैश्विक उत्पादों व अधिक ज्ञान के साथ भारतीय उपभोक्ता अब घरेलू ब्रांड से अधिक मांग करते हैं। इस उद्यम का उद्देश्य प्रामाणिकता व नवीनता के साथ उन अपेक्षाओं को पूरा करना और भारतीय बाजार में विश्वस्तरीय उत्पाद लाना है। उद्यम का नाम या निवेश योजना जैसे विवरण तत्काल साझा नहीं किए गए। अनन्या ने 17 वर्ष की उम्र में एक सूक्ष्म वित्तपोषण उद्यम शुरू किया था। वह 62 अरब डॉलर के आदित्य बिड़ला समूह की शीर्ष रणनीतिक संस्था के निदेशक मंडल में भी शामिल हैं।

## मोहन यादव ने भोपाल के समीप ट्रेन में की यात्रा

**भोपाल (एजेन्सी)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया और उन्होंने यात्रियों से बातचीत की। यात्रियों को हालांकि यह किसी सुखद आश्चर्य से कम नहीं था। यह इंटरसिटी एक्सप्रेस नर्मदापुरम से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन जा रही थी। राज्य के एक अधिकारी के अनुसार, यादव ने अपने सामान्य गंवई अंदाज में लोगों से भेंट की और विकास के बारे में बात की। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री और उनके कर्मियों ने टिकट लेकर यात्रा की और जब टीसी ने टिकट मांगा तो उन्होंने टिकट दिखाया। मुलाकात के बाद लोगों ने कहा कि उन्होंने यादव के बारे में सुना था, लेकिन उन्हें पहली बार देखा। अधिकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य का प्रमुख होने के नाते लोगों की सेवा करना मेरा दायित्व है। इसके अलावा मेरे दिमाग में कुछ और विचार नहीं आता है।.. इससे पहले, यादव नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदापुरम में मां नर्मदा जन्मोत्सव-गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## कोझिकोड में यात्री बस पलटी, 50 से अधिक लोग घायल

**केरल (एजेन्सी)।** केरल के कोझिकोड जिले के अरायिदथुपलम में मंगलवार शाम एक यात्री बस के पलट जाने से उसमें सवार 50 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों में से 42 को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नौ को सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है। उसने कहा कि एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। यात्रियों के मुताबिक, बस एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क पर पलट गई। पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों ने घायलों को दुर्घटनाग्रस्त बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

# दिल्ली विस चुनावः एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 70 सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया संपन्न, 8 फरवरी को आएंगे नतीजे

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 70 सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हुई। कई जगहों पर फर्जी वोटिंग के आरोप भी लगाए गए, लेकिन पुलिस ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया। शाम 6:00 तक मतदान केंद्रों के भीतर जा चुके वोटर्स को मत डालने की अनुमति दी गई। दिल्ली चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे।

ज्ञात हो कि दिल्ली में बुधवार को सुबह 7:00 से मतदान शुरू हुए थे। शाम पांच बजे तक 57.78 प्रतिशत मतदान हुए थे। आम आदमी पार्टी (आप) अपनी शासन व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर तीसरी बार लगातार जीत की उम्मीद कर रही है, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस वापसी की उम्मीद कर रही हैं।

**एरिक्जट पोल के अनुमानः** Peoples Pulse ने अपने एग्जिट पोल में बीजेपी को 51 से 60 सीटें दी है। वहीं, आम आदमी पार्टी के खाते में यहां 10 से 19 सीटें जाती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस का खाता नहीं खुल रहा है।

Matrize ने 35 से 40 सीटें भाजपा को दी है जबकि 32 से 37 सीटें आम आदमी पार्टी के खाते में जाती हुई दिखाई दी है। वहीं, कांग्रेस का खाता खुल सकता है और पार्टी एक सीट पर जीत हासिल कर सकती है।

JVC की बात करें तो भाजपा 39 से 45 सीट के बीच जीत हासिल कर सकती है। वही, आम आदमी पार्टी को 22 से 31 सीटें जबकि कांग्रेस के खाते में दो सीटें जा सकती हैं।

P-Marq के मुताबिक बीजेपी 39 से 49 सीटें, आम आदमी पार्टी 21 से 31 सीटें जबकि कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है।

People's Insight ने भाजपा को 40 से 44 सीटें दी है जबकि आम आदमी पार्टी 25 से 29 सीटें और कांग्रेस एक सीट पर जीत हासिल कर सकती है।

Chanakya की बात करें तो भाजपा को 39 से 44 सीटें मिल सकती है। वहीं 25 से 28 सीटें आम आदमी पार्टी को मिल सकती है जबकि कांग्रेस को दो से तीन सीटें हासिल हो सकती है।




नई दिल्ली के दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों पर अपना वोट डालने के बाद अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए मतदातागण। (स्त्रोतः पीआईबी)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल शुरूआती मतदाताओं में शामिल थे। आप ने अपने शासन मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया और अरविंद केजरीवाल तथा मुख्यमंत्री आतिशी ने पूरे शहर में रैलियां कीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपों और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को लेकर आप पर निशाना साधा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भी जोरदार प्रचार किया और विभिन्न मुद्दों पर आप और भाजपा दोनों पर हमला बोला।

### ■ एरिक्जट पोल में बीजेपी 39 से 49 सीटें, आम आदमी पार्टी 21 से 31 सीटें जबकि कांग्रेस को एक सीट मिल सकती है

वहीं ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत दिखाया गया है। इसके बाद भाजपा नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

भाजपा नेता यह दावा कर रहे हैं कि 8 तारीख को जब नतीजे आएंगे, वह भी हमारे पक्ष में ही होंगे। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता को बधाई देना चाहता हूं, दिल्ली की जनता ने आज बीजेपी को इतना प्यार और आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में 'आपदा' जा रही है और बीजेपी आ रही है।

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अभी जो एग्जिट पोल मैंने देखे, मुझे ऐसा लग रहा है कि हमारे सटीक पोल (नतीजे) एग्जिट पोल से बेहतर होंगे। हमने लोगों के बीच जो प्रतिक्रिया देखी, उससे पता चलता है कि बीजेपी (दिल्ली में) सत्ता में आ रही है। यह बीजेपी की घर वापसी है। मैं दिल्ली के लोगों को धन्यवाद देता हूं।

नई दिल्ली विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह तय है कि 8 फरवरी को कमल खिलेगा। हम दिल्ली में सुशासन, स्वच्छ यमुना और रोजगार देंगे। अरविंद केजरीवाल को भरोसा है कि वह हार रहे हैं।





नई दिल्ली के गोल मार्केट स्थित एक मतदान केंद्र पर दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान वोट डालने के बाद अमिट स्याही का निशान दिखाते मतदाता।

## मोहन यादव ने 7 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को दिया स्कूटी का तोहफा

**मध्य प्रदेश (एजेन्सी)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने फूलों की वर्षा की और मुफ्त ई-स्कूटी प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों से बातचीत की। सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के स्कूल स्तर पर मेरिट सूची में शामिल सरकारी स्कूलों के 7,900 मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त ई-स्कूटी वितरित की। मोहन यादव ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे छात्रों के साथ समय बिताने का मौका मिला। हमने मेधावी छात्रों को मुफ्त ई-स्कूटी देने का फैसला किया था। यह संदेश देता है कि सरकार हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करती है। वहीं, एक्स पर मोहन यादव ने लिखा कि सुनहरे भविष्य की राह सुगम हो, संसाधनों का अभाव बाधा न बने। उन्होंने कहा कि आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 12वीं के प्रत्येक संकाय से लगभग 7900 टॉपर स्टूडेंट्स को 'स्कूटी वितरण कार्यक्रम' का दीप-प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया एवं 10 विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्कूटी की चाबी देकर बधाई दी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में संगम में लगाई डुबकी



(एजेन्सी)।

**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े आस्था के पर्व महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने भगवा रंग के वस्त्र पहन रखे थे। उनके हाथ और गले में रुद्राक्ष की मालाएं भी थीं। मंत्रोच्चार के बीच मोदी ने अकेले ही संगम में डुबकी लगाई। पीएम ने स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य भी दिया। करीब 5 मिनट तक मंत्र का जाप करते हुए सूर्य पूजा की। संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया, साड़ी चढ़ाई।

महाकुंभ में स्नान के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा-महाकुंभ में आज पवित्र संगम में डुबकी लगाकर मैं भी करोड़ों लोगों की तरह धन्य हुआ। मां गंगा सभी को असीम शांति, बुद्धि, सौहार्द और अच्छा स्वास्थ्य दें। मोदी गंगा पूजन के बाद सीधे बोट से अरैल घाट पहुंचे। वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मोदी के संगम स्नान के दौरान यूपी सीएम योगी भी साथ रहे।

उनके आने से महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसलिए पीएम ने कार्यक्रम बेहद सीमित रखा। जन सैलाब होने के कारण वे हनुमान मंदिर, अक्षय वट के दर्शन किए बिना ही लौट गए। वह करीब दो घंटे प्रयागराज में रहे। इस दौरान उन्होंने किसी से मुलाकात नहीं की। यहां तक कि दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक भी बमरौली एयरपोर्ट पर ही रहे। मोदी का विमान सुबह करीब 10.30 बजे दिल्ली से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पीएम डीपीएस के हेलीपैड पहुंचे। यहां से उनका काफिला अरैल के वीआईपी घाट पहुंचा। वहां से योगी के साथ बोट से संगम पहुंचे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए मेले की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

संगम क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात की गई। 54 दिन में पीएम का महाकुंभ का दूसरा दौरा है। इससे पहले 13 दिसंबर को यहां आए थे।

# अरावली क्षेत्र में हरित रोजगार के अवसर सृजित करने की योजनाः राव नरबीर सिंह

## भूपेंद्र सिंह यादव अरावली ग्रीन प्रोजेक्ट का करेंगे शुभारंभ

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला अरावली हरियाणा की शान है, हरियाणा सहित दिल्ली, राजस्थान व गुजरात के 1.15 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में यह फैली हुई है। इसमें पर्यावरण संतुलन को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मिशन लाइव पर्यावरण के लिए जीवन शैली व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरूआत कर लोगों को पर्यावरण से जोड़ने की पहल स्वागत योग्य है। इस कड़ी में हरियाणा ने अरावली क्षेत्र में हरियाली को बढ़ाने के लिए साउदी अरबिया की तर्ज पर अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह यादव कल 6 फरवरी को इस परियोजना का शुभारंभ करेंगे।




राव नरबीर सिंह ने कहा कि साउदी अरब एक रेगिस्तानी देश है परन्तु वहां पर हरित पट्टीयां विकसित कर हरियाली को बड़े आकर्षण ढंग से बढ़ाया है। इसी को देखते हुए भारत सरकार ने हरियाणा को अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट तैयार करने की जिम्मेवारी सौंपी हैं। वे स्वंय ग्रीन वाल प्रोजेक्ट का अवलोकन करने के लिए साउदी अरबिया का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वे नागपुर (महाराष्ट्र) के गोरेवाड़ा वन्यजीव सफारी तथा जाम नगर, गुजरात के वनतारा परियोजना का अध्ययन करने के लिए 7 फरवरी से चार दिवसीय अध्ययन दौरे पर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित चार राज्यों में 1.15 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि का सुधार बहु-राज्य सहयोग का एक अनुकरणीय मॉडल प्रदर्शित करना है। वनों की स्वदेशी प्रजातियों के साथ वनरोपण, जैव विविधता संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य में सुधार और भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना भी है।

उन्होंने कहा कि अरावली क्षेत्र में ग्रीन वाल प्रोजेक्ट के साथ-साथ इस पर्वत श्रृंखला में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जंगल सफारी परियोजना के प्रस्ताव पर भी हम आगे बढ़ रहे हैं। गत दिनों मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जंगल सफारी परियोजना को पर्यटन विभाग की बजाय वन एवं वन्य जीव विभाग को इसे सिरे चढ़ाने की जिम्मेवारी सौंपी है। इसीलिए वे स्वंय विभाग के अधिकारियों के साथ परियोजना की अवधारणा का अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र एवं गुजरात के दौरे पर जा रहे हैं।

कहा कि इस परियोजना से अरावली क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए हरित रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में युवा पीढ़ी को प्रकृति को इस नेक कार्य के प्रति जागरूक करने तथा उनके आजिविका के साधन बढ़ाने के लिए राज्य में वन मित्रों की नियुक्ति की गई है, जो स्थानीय लोगों को वनों से जोड़ रहे है।

# प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आईः शाह

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि त्रिपुरा अब देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह से जुड़ गया है, और प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति एवं समृद्धि आई है। अगरतला में त्रिपुरा सरकार के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को नई दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले सात वर्षों में कांग्रेस एवं वाममोर्चा के कई दशकों के शासन की तुलना में अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं।



उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में प्रतिबंधित संगठनों के साथ हुए तीन समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई है। भाजपा नेता इस बात पर जोर देते रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में त्रिपुरा और देश के बाकी हिस्सों के बीच भूमि, हवाई और रेल संपर्क में बेहतर सुधार हुआ है। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2018 से राज्य में शासन कर रहा है। नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर शाह ने कहा कि त्रिपुरा में माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना किसी भेदभाव के मल्टी-टास्किंग स्टाफ (ग्रुप-डी) के 2,806 पदों के लिए भर्ती अभियान पूरा कर लिया है।

## निवेश आकर्षित करने के लिए राज्यों को मिलकर काम करना चाहिएः हेमंत सोरेन

**झारखंड (एजेन्सी)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि देश में निवेश आकर्षित करने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्यों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निमंत्रण पर बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) के आठवें संस्करण में शामिल होने के लिए कोलकाता पहुंचे सोरेन ने उम्मीद जताई कि दोनों राज्य (झारखंड और पश्चिम बंगाल) भारत में प्रमुख निवेश स्थल के रूप में उभरेंगे। शिखर सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में बहुत सारी समानताएं हैं। झारखंड खनिज और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। मेरा मानना है कि भारत में निवेश आकर्षित करने और एक मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों को साथ मिलकर काम करना चाहिए।

## अन्नपूर्णा मठ मंदिर

# कुंभाभिषेक के पांचवे दिन भगवती अन्नपूर्णा का हुआ अभिषेक

### 108 वैदिक ब्रामणो ने विधि विधान से करवाया देवी अन्नपूर्णा का पूजन अर्चन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख गौतम कुमार झा**

**वाराणसी।** अन्नपूर्णा मंदिर में कुंभाभिषेक महानुष्ठान के पांचवे दिन बुधवार को महंत शंकर पूरी के दिशा निर्देश में 18 पुराणों और 4 वेदों का प्रायण व कुमकुमअर्चम के साथ, अधिवास हवन, शय्याधिवास, प्रणवादि षोडश तत्त्व न्यास रहा। मंदिर प्रांगण में भगवती के शविधि पूजन अर्चन जिसमे पंचामृत अभिषेक सैकड़ों वैदिक ब्राह्मणों से कराया गया, नूतन वस्त्र धारण कराया गया, इस दौरान मंत्रोचार के साथ हवन चलता रहा।




**अनुष्ठान के कार्यक्रम मे इनकी रही मौजूदगीः** वेद से प्रो पतंजलि मिश्र, पुराण से प्रो माधव जनार्दन रटाटे, सयोजक डा राम नरायण द्विवेदी, रमाशंकर पांडे, प मनीकुमार झा यजूर वेद, श्रीकांत पाठक यजूरवेद अनंत भट्ट ऋग्वेद, बलंदुनाथ मिश्र श्यामवेद, श्रीनिवास पूरनिक जी काणव वेद, प गोपाल रटाटे अथर्व वेद, वही मंदिर से रहें नीलकंठ से आये शिवानंद गिरी, प्रदीप श्रीवास्तव, धीरेन्द्रसिंह, राकेश तोमर समेत मंदिर परिवार रहा।

**श्रृंगेरी मठ से मौजूदगीः** यज्ञ शुबर्मनियम, पी ए मुरली, चल्ला अन्नपूर्णा प्रसाद, चल्ला जगरनाथ प्रसाद, चल्ला विद्याशंकर, चल्ला अभिनव, चल्ला चिंतामणि गणेश, केवी रमन, आर शिवा अनंत, अनिल किंजवर्नकण।

# सम्पादकीय

## आर्थिक विकास दर...

**विश्व** के कुछ देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प विभिन्न देशों को लगातार धमकी दे रहे हैं कि वे इन देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर कर की दर में वृद्धि कर देंगे। दिनांक 4 फरवरी 2025 से कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले उत्पादों के आयात पर 20 प्रतिशत एवं चीन से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का आयात कर लगा दिया है। वैश्विक स्तर पर उक्त प्रकार की उथल पुथल के अतिरिक्त रूस यूक्रेन युद्ध जारी ही है एवं कुछ समय पूर्व तक हमास इजराईल युद्ध भी चलता ही रहा था। वैश्विक स्तर पर उक्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारत, अपनी आर्थिक विकास दर को कायम रखते हुए, विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.3 प्रतिशत क्रमशः के आसपास रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो आगे आने वाले दो दशकों तक आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखना आवश्यक होगा। अतः केंद्र सरकार द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर को इस वित्तीय वर्ष की दो तिमाहियों में दर्ज की गई लगभग 5.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए। दरअसल, आज देश में उत्पादों की मांग को बढ़ाना अति आवश्यक है जो पिछले कुछ समय से लगातार कम होती दिखाई दे रही है। इसके लिए आम नागरिकों के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध रहे, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे, आयकर की सीमा को वर्तमान में लागू सीमा 7 लाख रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 12 लाख रुपए प्रतिवर्ष कर दिया गया है। साथ ही, आय पर लगने वाले कर की दर को भी बहुत कम कर दिया गया है। इस प्रकार लगभग 1 करोड़ मध्यमवर्गीय करदाताओं को लगभग 1.10 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष का अधिकतम लाभ होने जा रहा है। इस राशि से विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा एवं देश की आर्थिक विकास दर में तेजी दिखाई देगी। हालांकि इससे केंद्र सरकार के बजट पर एक लाख करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। परंतु, फिर भी बजटीय घाटा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.8 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अतः देश की वित्तीय स्थिति को सही दिशा दिए जाने के सफल प्रयास हो रहे हैं। विनिर्माण के क्षेत्र को गति देना भी आज की आवश्यकता है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन भी चलाए जाने का प्रस्ताव है। आज देश में एक करोड़ से अधिक सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग हैं जो 7.5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कर रहे हैं एवं भारत के कुल उत्पादन में 36 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं तथा देश से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी 45 प्रतिशत की भागीदारी इन उद्योगों की रहती हैं। कुल मिलाकर भारत आज अपनी इन कम्पनियों को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहता है। भारत में आज निर्यात प्रोत्साहन मिशन को चालू किया जा रहा है ताकि भारत की कम्पनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इसी प्रकार भारत को वैश्विक स्तर पर खिलौना उत्पादन के केंद्र के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।

## जयंती

### खान अब्दुल ग़फ़्फ़ार खान



जन्म: 6 फरवरी, 1890; मृत्यु: 20 जनवरी, 1988) महान राजनेता थे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और अपने कार्य और निष्ठा के कारण 'सरहदी गांधी' (सीमान्त गांधी), 'बाचा खान' तथा 'बादशाह खान' के नाम से पुकारे जाने लगे। 20वीं शताब्दी में पख्तूनों (या पठान; पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान का मुसलमान जातीय समूह) के सबसे अग्रणी और करिश्माई नेता थे, जो महात्मा गांधी के अनुयायी बन गए और उन्हें 'सीमांत गांधी' कहा जाने लगा। अब्दुल गफ्फार खाँ का जन्म एक सम्पन्न परिवार में हुआ था। वह बचपन से ही अत्यधिक दृढ़ स्वभाव के व्यक्ति हैं, इसलिये अफ़गानों ने उन्हें 'बाचा खान' के रूप में पुकारना प्रारम्भ कर दिया। आपका सीमा प्रान्त के कबीलों पर अत्यधिक प्रभाव था। गांधी जी के कट्टर अनुयायी होने के कारण ही उनकी 'सीमांत गांधी' की छवि बनी। विनम्र ग़फ़्फ़ार ने सदैव स्वयं को एक 'स्वतंत्रता संघर्ष का सैनिक' मात्र कहा, परन्तु उनके प्रशंसकों ने उन्हें 'बादशाह खान' कह कर पुकारा। गांधी जी भी उन्हें ऐसे ही सम्बोधित करते थे। राष्ट्रीय आन्दोलनों में भाग लेकर उन्होंने कई बार जेलों में भी घोर यातनायें झेली हैं। फिर भी वे अपनी मूल संस्कृति से विमुख नहीं हुए। इसी वजह से वह भारत के प्रति अत्यधिक स्नेह भाव रखते थे।

## पुण्यतिथि

### शचीन्द्रनाथ सान्याल



जन्म-1893, बनारस, उत्तर प्रदेश, ब्रिटिश भारत; मृत्यु-7 फरवरी, 1942) भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। वे राष्ट्रीय व क्रांतिकारी आंदोलनों में सक्रिय भागीदार होने के साथ ही क्रांतिकारियों की नई पीढ़ी के प्रतिनिधि भी थे। इसके साथ ही वे 'गदर पार्टी' और 'अनुशीलन संगठन' के दूसरे स्वतंत्रता संघर्ष के प्रयासों के महान कार्यकर्ता और संगठनकर्ता थे। वर्ष 1923 में उनके द्वारा खड़े किए गये 'हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' को भगत सिंह और अन्य साथियों ने 'हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातांत्रिक संघ' के रूप में विकसित किया। शचीन्द्रनाथ सान्याल को जीवन में दो बार 'काला पानी' की सजा मिली। उन्होंने 'हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' के गठन के साथ ही देश बन्धुओं के नाम एक अपील जारी की थी, जिसमें उन्होंने भारत के पूर्ण स्वतंत्रता के लक्ष्य के साथ और सम्पूर्ण एशिया के महासंघ बनाने की परिकल्पना भी प्रस्तुत की थी।

## कल मिलेंगे

मंटू-यार, लड़कियों का ही अच्छा है. शादी से पहले पापा की परी होती हैं...और शादी के बाद घर की लक्ष्मी हो जाती हैं.
चंटू-... और लड़के?
मंटू-लड़कों का क्या, शादी से पहले पापा से मार खाते हैं और शादी के बाद बीवी से.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति

-ललित गर्ग

**राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है**

**एक** बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं, यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते देश-विरोध में जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दशार्ता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिये उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चुकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्रायः ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं।

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी आंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की मुंह में राम और बगल में छुरी वाली कहावत जनता के सामने बार-बार आती रही है। आंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?

राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता एवं प्रतिपक्ष के नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के मोदी सरकार के फैसले की राहुल गांधी की अनावश्यक आलोचना को पाकिस्तान ने अपने पक्ष में भुनाने का काम किया था। अब भी वह सीमा विवाद पर चीन की बातों को अहमियत देते हैं और भारत सरकार की जानकारी पर यकीन नहीं करते। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे है। यह समझ आता है कि वह घरेलू मुद्दों पर सरकार को घेरें और उसकी आलोचना करें, लेकिन कम से कम ऐसी निराधार और मनगढ़ंत बातें तो न करें, जिससे प्रधानमंत्री पद का उपहास उड़े, देश हित आहत हो।

उल्लेखनीय बात यह है कि निन्दक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकम्प-सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हो, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हो, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, कितनी ही देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गयी हो, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन इन राहुल एवं कांग्रेसी नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिये सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिये एकाक्ष भी नहीं बन सके हैं?

# अमेरिका-चीन में पुनः शुरू हुए व्यापार युद्ध का कारोबारी लाभ आखिर कैसे उठाएगा भारत?

-कमलेश पांडेय

**अलबत्ता, अमेरिका के जवाब में चीन ने भी कुछ अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगा दिया है। उसके इस जवाबी कदम के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। उधर, अमेरिकी कदम के जवाब में मेक्सिको और कनाडा ने भी अमेरिकी टैरिफ के बदले में जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे व्यापार युद्ध कई देशों के बीच पहुंच गया है**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी हम भारतीयों के मनोमस्तिष्क में इसलिए हमेशा बसे रहते हैं कि उन्होंने आपदा को अवसर में बदलने का हुनर दिखलाया-सिखलाया-बतलाया है। इस हेतु राष्ट्रीय जज्बे को जिस शानदार-जानदार तरीके से उन्होंने प्रदर्शित किया-करवाया है, उसने हम सबको उनका मुरीद बना दिया है। वैश्विक महामारी कोरोना के पहले, कोविड-19 के दौरान और उसके बाद भी उन्होंने दुनियावी त्रासदी/पारस्परिक संघर्षों-संकटों को जितना सकारात्मक तरीके से लिया है, उससे भारत पुनः विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में भारत अब याचक कम, दाता ज्यादा नजर आता है।

यही वजह है कि समावेशी व्यापार प्रचलन स्थापित-संचालित-नियंत्रित करने में विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ की विफलता के बाद दुनिया के देशों में मचे व्यापार युद्ध मतलब टैरिफ वॉर से उतपन्न होने वाले द्विपक्षीय कारोबारी आपदा को तीसरे पक्ष हेतु अवसर में बदलने के लिए भारत के लिए क्या संभावनाएं हैं और उसकी क्या रणनीति होनी चाहिए, इस विषय पर हम यहां चर्चा करेंगे। क्योंकि आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

समझा जाता है कि अमेरिका-चीन जैसे दो बड़े देशों के इस अप्रत्याशित कदम से अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, आंकड़ा जन्य अनुभव बताता है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2016-2020) के दौरान जब अमेरिका ने चीनी चीजों पर टैरिफ लगाया था, तो उस दौरान भारत चौथा सबसे बड़ा फायदा पाने वाला देश था। इसलिए विशेषज्ञों का कहना है चीन से आयात पर अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने से भारत को अमेरिका में निर्यात के लिए बहुत अवसर मिलेंगे। क्योंकि टैरिफ लगाए जाने से चीन से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर असर पड़ेगा। बताया जाता है कि इससे अमेरिकी बाजार में उनके सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। इससे अमेरिकी खरीदार उच्च लागत से बचने के लिए वैकल्पिक आपूर्तिकताओं की तलाश करेंगे। इससे भारत को फायदा होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 फरवरी 2025 को एक इग्जेक्युटिव आदेश पर हस्ताक्षर किए। जिसमें मेक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। वहीं, कनाडा से आने वाले सामानों पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। जबकि, कनाडा के ऊर्जा संसाधनों पर 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाने की घोषणा की गई। इस ऑर्डर में ही चीन से आयात पर भी 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात थी, जिससे चीन बौखला गया।

अलबत्ता, अमेरिका के जवाब में चीन ने भी कुछ अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगा दिया है। उसके इस जवाबी कदम के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। उधर, अमेरिकी कदम के जवाब में मेक्सिको और कनाडा ने भी अमेरिकी टैरिफ के बदले में जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे व्यापार युद्ध कई देशों के बीच पहुंच गया है। निकट भविष्य में इसके चक्कर में और कई देशों के आने की संभावना है। स्वाभाविक है कि इन सभी कदमों का सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। बता दें कि इस बारे में अपनी सफाई देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि यह कदम अवैध इमिग्रेशन और ड्रग्स तस्करी से उपजी चिंताओं को लेकर उठाया गया है। क्योंकि रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने इन दो मुख्य मुद्दों को अपने चुनावी अभियान का आधार बनाया था। चूंकि चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद से ही उनकी ओर से जनता से किये हुए वादों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाए जाने के संकेत दिए जा रहे थे। इसलिए यह कदम उठाया गया है।

सवाल है कि चीन के अमेरिका पर टैरिफ लगाने का कितना प्रभाव उसपर पड़ेगा, तो जानकारों के मुताबिक जवाब यह होगा कि अमेरिका पर इसका सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि अमेरिका दुनिया में तरल प्राकृतिक गैस का सबसे बड़ा निर्यातक देश है, लेकिन उस निर्यात में चीन की हिस्सेदारी महज 2.3 फीसदी के आसपास है। वहीं, चीन का सबसे बड़ा कार आयात यूरोप और जापान से होता है। इसलिए विशेषज्ञ इसे चीन की सौदेबाजी की शक्ति हासिल करने के तौर-तरीके के रूप में इसे देख रहे हैं।

वहीं, जहां तक इस ट्रेड वॉर के चीन पर असर होने का सवाल है तो जानकार बताते हैं कि चीन 120 से अधिक देशों के लिए प्रमुख व्यापार भागीदार है और अमेरिका उनमें से सिर्फ एक है। वहीं, पिछले दो दशकों में चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था में व्यापार के महत्व को लगातार कम किया है और घरेलू उत्पादन में बढ़ोतरी की है। यही वजह है कि आज आयात और निर्यात का चीन के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 37 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि 2000 के दशक की शुरूआत में यह 60 फीसदी से अधिक था। इसलिए 10 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ उसे सिर्फ चुभेगा, जबकि पेइचिंग इस झटके को बर्दाश्त कर सकता है। कुछ यही वजह है कि चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने भी अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसके साथ ही गत मंगलवार को उसने अमेरिकी सर्च इंजन 'गूगल' की जांच की भी बात कही, ताकि उसके कारोबारी हितों को चोट पहुंचाया जा सके। बताया गया है कि चीन द्वारा अमेरिकी कोयला और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) उत्पादों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़ी कारों पर भी 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। वहीं, मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों पर नए टैरिफ 10 फरवरी से शुरू यानी प्रभावी होंगे।

वहीं, चीन की ओर से यह भी कहा गया है कि अमेरिका का एकतरफा टैरिफ बढ़ाना वर्ल्ड ट्रेड अऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का घोर उल्लंघन है। यह उनकी समस्याओं को हल करने में कोई मदद नहीं करेगा। हां, इतना जरूर है कि यह चीन और अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग को नुकसान पहुंचाएगा। चूंकि वैश्विक थानेदारी के लिए दोनों में आपसी होड़ मची हुई है, इसलिए यह स्वाभिक कदम भी है। निकट भविष्य में कुछ और कदम भी उठाए जा सकते हैं।

उधर, चीन के स्टेट ऐडमिनिस्ट्रेशन फॉर मार्केट रेगुलेशन ने यह भी कहा है कि वह गूगल पर विश्वास विरोध (एंटीट्रस्ट) कानूनों के उल्लंघन के संदेह में जांच कर रहा है। हालांकि, इसमें किसी टैरिफ का विशेष रूप से जिक्र नहीं किया गया। हालांकि, यह घोषणा वह ट्रंप के 10 प्रतिशत टैरिफ लागू होने के कुछ ही मिनट बाद ही की गई। बताया जाता है कि ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े टैरिफ लगाने संबंधी एक आदेश पर गत शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कांग ने टैरिफ को लेकर अमेरिकी प्रशासन पर निशाना साधा था। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यापारिक युद्ध से किसी का भला नहीं होता। बकौल कांग, 'हम इस अनुचित वृद्धि का कड़ा विरोध करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका को अपनी समस्याओं पर गौर करना चाहिए। ऐसा समाधान ढूंढना चाहिए जो उसके लिए और पूरे विश्व के लिए फायदेमंद हो।' हालांकि, ट्रंप ने अगले कुछ दिन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत करने की योजना बनाई है। जबकि उनके द्वारा चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत टैरिफ गत मंगलवार से ही लागू हो गया।

उधर, इक्वाडोर के राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ ने भी मेक्सिको की चीजों पर 27 प्रतिशत टैरिफ लागू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि इक्वाडोर के उत्पादकों के साथ निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में नोबोआ ने कहा कि वह मेक्सिको के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है, लेकिन दुर्व्यवहार होने पर नहीं। हालांकि उन्होंने विस्तार से इस बारे में कुछ भी नहीं बताया है। राष्ट्रपति नोबोआ ने सिर्फ इतना कहा है कि जब तक मुक्त व्यापार समझौता यानी एफटीए नहीं होता, मेक्सिको की चीजों पर 27 फीसदी टैरिफ लागू होगा।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने देश को आर्थिक विकास की दिशा में ले जाने की प्रतिबद्धता जताई

(एजेन्सी)।

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने महंगाई में और कमी आने का हवाला देते हुए देश को आर्थिक विकास की ओर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शरीफ ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी आर्थिक लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वार्षिक महंगाई में गिरावट का रुख बना हुआ है, जो जनवरी में 2.4 प्रतिशत पर नौ साल के निचले स्तर पर पहुंच गई, जिसका मुख्य कारण जल्दी खराब होने वाले खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट है।

प्रधानमंत्री ने कहा, अब हम आर्थिक वृद्धि की ओर बढ़ने के लिए पूरी तरह प्रयास कर रहे हैं। यह मुख्य चुनौती है। हमारी सारी ऊर्जा आर्थिक वृद्धि पर केंद्रित होगी। अन्य लक्ष्यों की तरह हम इसे भी हासिल करेंगे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा लगाई गई सख्त शर्तों के बारे में भी बात की, जिसने पिछले साल पाकिस्तान को सात अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया था। शरीफ ने कहा कि इन शर्तों में कृषि कर लगाना भी शामिल था, जिसे अब पूरा कर दिया गया है और सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों ने इसे मंजूरी दे दी है। शरीफ ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मंत्रालय को रमजान पैकेज लाने का निर्देश दिया गया है, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और मुस्लिम पाक महीने के दौरान जनता को रियायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के चांस 35 प्रतिशत घटेंगे: रवि शास्त्री

(एजेन्सी)।

**पूर्व** कप्तान रवि शास्त्री का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की संभावित अनुपस्थिति चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम को काफी कमजोर कर सकती है लेकिन उन्होंने इस मुख्य तेज गेंदबाज की राष्ट्रीय टीम में वापसी में जल्दबाजी नहीं करने की सलाह दी। बुमराह की जनवरी में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं की थी।उन्होंने तब से भारत के लिए गेंदबाजी नहीं की है, हालांकि उन्हें प्रतिष्ठित वनडे टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शुरूआती टीम में शामिल किया गया है।

बुमराह इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और बृहस्पतिवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वनडे टीम में नहीं हैं। खेल विज्ञान विशेषज्ञों से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उनकी फिटनेस पर अपडेट देने की उम्मीद है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी पर फैसला लिया जाएगा जो पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित की जाएगी। इसका पहला मैच 19 फरवरी को कराची में होना है जबकि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा।

शास्त्री ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रिव्यू में कहा, बुमराह के फिट नहीं होने से भारत की (चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की) संभावना 30 प्रतिशत, नहीं 30 से 35 प्रतिशत कम हो जाएगी। शास्त्री ने कहा, पूरी तरह से फिट बुमराह के खेलने से आपके पास डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की गारंटी होती है। पिछले साल शानदार प्रदर्शन करने वाले बुमराह को आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के साथ आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने भारत को 2024 टी20 विश्व कप जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।

ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला में दोनों टीम में सबसे ज्यादा 32 विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। शास्त्री ने इस दिग्गज को जल्दबाजी में वापसी कराने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उनका जल्दबाजी में वापसी कराना बहुत जोखिम भरा है। भारत को आगे काफी क्रिकेट खेलना है। और अपने करियर के इस पड़ाव पर मुझे लगता है कि वह बहुत ही ज्यादा अहम हैं और उन्हें अचानक एक मैच के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, उम्मीदें बहुत ज्यादा लगी होंगी। उन्हें लगेगा कि वह आते ही धूम मचा देगा। जब आप चोट से वापसी करते हैं तो यह कभी भी इतना आसान नहीं होता। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति से ध्यान शमी पर लग सकता है जिन्होंने चोट और रिहैबिलिटेशन के बाद 14 महीने के बाद भारतीय टीम में वापसी की है। उन्हें यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया में बुमराह की पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव इसलिये भी हुआ हो सकता है क्योंकि दूसरे छोर पर उन्हें शमी का समर्थन नहीं मिला।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, टेस्ट श्रृंखला में मेरी सबसे बड़ी चिंता यह थी कि बुमराह के पास बैकअप के तौर पर शमी नहीं थे और उन्हें गेंदबाजी की ज्यादातर जिम्मेदारी उठानी पड़ी।

# सनी लियोनी ने मुंबई में आठ करोड़ रुपये में प्रॉपर्टी खरीदी

(एजेन्सी)।

**फिल्म** अभिनेत्री करनजीत कौर वेबर उर्फ सनी लियोनी ने मुंबई में एक कार्यालय स्थल को करीब आठ करोड़ रुपये में खरीदा है। रियल एस्टेट सलाहकार स्क्वायर याड्र्स ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उसने महानिरीक्षक पंजीकरण (आईजीआर) की वेबसाइट पर इस लेनदेन के संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों की समीक्षा भी की है। लगभग 2,100 वर्ग फुट क्षेत्र की यह संपत्ति आठ करोड़ रुपये में खरीदी गई है। यह संपत्ति लेनदेन फरवरी, 2025 में पंजीकृत कराया गया है। यह संपत्ति वीर ग्रुप की वाणिज्यिक परियोजना वीर सिग्नेचर में स्थित है। सनी लियोनी ने यह संपत्ति ऐश्वर्या प्रॉपर्टी एंड एस्टेट्स से खरीदी है।

# पेनाउ के जरिये योनो-यूपीआई एकीकरण सिंगापुर से भारत में होने वाले लेनदेन के लिए बड़ी पहुंच करेगा प्रदान

(एजेन्सी)।

**सिंगापुर।** भारतीय स्टेट बैंक सिंगापुर ने कहा कि पेनाउ के माध्यम से योनो-यूपीआई एकीकरण की योजना सिंगापुर से भारत में होने वाले लेनदेन के लिए बड़ी पहुंच प्रदान करेगी। एसबीआई योनो-यूपीआई-पेनाउ को ऐसे समय में जोड़ने की योजना बनाई गई है, जब सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) और सिंगापुर में बैंकों के संघ (एबीएस) ने इस वर्ष के मध्य में दो नए भुगतान समाधान शुरू करने की योजना की घोषणा की है ताकि कॉर्पोरेट व खुदरा चेक उपयोगकताओं दोनों के लिए ई-भुगतान में बदलाव का समर्थन किया जा सके। एसबीआई सिंगापुर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम. पी. शिवा ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से कहा, भविष्य में सुधार के लिए एसबीआई सिंगापुर यूपीआई से जुड़ने पर विचार कर रहा है, जो भारत सरकार की पहल है जो एकल इंटरफेस के माध्यम से कई बैंक खातों को सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा, पेनाउ के माध्यम से योनो-यूपीआई एकीकरण की योजना सिंगापुर से भारत में होने वाले लेनदेन के लिए बड़ी पहुंच प्रदान करेगी।

योनो सिंगापुर को अक्टूबर 2024 में पेश किया गया था। योनो का मतलब यू ओनली नीड वन है। इस बैंकिंग ऐप को एसबीआई सिंगापुर परिचालन के लिए सुरक्षित और मजबूत ढांचे पर विकसित किया गया है, जिसमें योनो ग्लोबल में मौजूद यूजर इंटरफेस व अनुभव को शामिल किया गया है। सिंगापुर दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े व्यापार व निवेश साझेदारों में से एक है।

# भारत-इंग्लैंड के मैच से पहले टिकट को लेकर बवाल

**(एजेन्सी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज 6 फरवरी से शुरू हो रही है। जहां सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा वहीं दूसरा कटक के बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में 9 फरवरी को खेला जाएगा। भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे वनडे मैच के लिए जैसी ही टिकट की बिक्री शुरू हुई बाराबती क्रिकेट स्टेडियम के बाहर फैंस का हुजूम उमड़ पड़ा और भगदड़ कीस्थिति बन गई। जिसके बाद पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। बाराबती क्रिकेट स्टेडियम में टिकट खरीदने आए फैंस अनियंत्रित होकर काउंटर पर चढ़ने लगे थे। ऐसे में पुलिस को बुलाना पड़ा। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि पुलिस ने फैंस पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने फैंस पर नियंत्रण बनाया तब जाकर मामला शांत हो सका। बता दें कि, कटक के बाराबती स्टेडियम में ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन टिकट की बिक्री हो रही है, जिसे फैंस वहां जाकर आसानी से खरीद सकते हैं। टिकट बिक्री के दौरान हुई भगदड़ को लेकर ये कहा जा रहा है कि प्रशासन ने लापरवाही बरती है।

# ग्लोरिफाई इंटरनेशनल के तत्वावधान में किड्स फैशन शो और डांस धमाका सीजन-5 का आयोजन किया गया



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** ग्लोरिफाई इंटरनेशनल के तत्वावधान में जीरकपुर में किड्स फैशन शो और डांस धमाका सीजन-5 का आयोजन किया गया, जिसमें मिस और मिसेज कैटेगरी के लिए टैलेंट राउंड और रैंप पर भी परफॉर्म किया गया।

वहीं इस बारे जानकारी देते हुए आयोजक सनम गिल और दिनेश सरदाना ने बताया कि "हमने इस कार्यक्रम की योजना नवोदित प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने के लिए बनाई थी। शो की ओपनर अन्वेषा कंसल, शो स्टॉपर प्रीति अरोड़ा और पीहू खत्री रही वहीं ब्रांड एंबेसडर अमनदीप कौर, जैसिका सिंह, अल्फाज ने कार्यक्रम का समर्थन किया।

इस मौके पर विशेष बार्बी डॉल पुरस्कार सोनाली शर्मा (हिमाचल प्रदेश) को दिया गया। इसके साथ ही इस आयोजन में बतौर मुख्यातिथि मुंबई से एम्मा अघयंत और पटियाला से नैन्सी घुमन और पंचकूला से एमके भाटिया ने शिरकत की। इसके साथ ही नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन हरियाणा प्रदेश महासचिव विजेश शर्मा ने भी बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।

वहीं इस आयोजन में निर्णायक मंडल में डॉ. सुरुचि शर्मा, हरमन टैंक, राज संधू, सीमा शर्मा, अमनदीप कौर (सुपर निर्णायक मंडल) सतविंदर कौर प्लाहा, तानिया, गुरजीत सिंह, मेजर नसरीन फातिमा शामिल हुए। ट्राइसिटी क्वीन के विजेता सोनू ठाकुर, शीला, गुरिंदर, जेहनसेब, कनिका, मुस्कान। किड्ज फैशन शो और डांस धमाका के विजेता। यशवी, वंश, नित्यांश गोयल, प्राची, गुरसीरत, जसमीत कौर। शो के सह-प्रायोजक, नो स्कार्स, जाल एसबीपी ग्रुप, जेशाइन ज्वेलरी और लक्मे अकादमी, टैटू आर्ट्स, इंटीरियर डिपो, मिट्स कार्ट, ग्लोरिफाई डांस स्टूडियो, मीडिया मंत्रा, एसडीएस फोटोग्राफी, ब्लैक कैट सिक्यूरिटी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक और डांस प्रदर्शन था। प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और पदक दिए गए।

# अपर्णा भारद्वाज, सीजेएम डीएलएसए पंचकूला ने शिशु गृह, आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) पंचकूला, अपर्णा भारद्वाज ने सेक्टर 15, पंचकूला में स्थित शिशु गृह आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों की रहने की स्थिति, स्वास्थ्य की स्थिति, कर्मचारियों की उपलब्धता और आश्रय के समग्र प्रबंधन का आकलन करना था।



दौरे के दौरान पाया गया कि आश्रय गृह में 20 बच्चे रहते हैं, जिनमें 8 लड़के और 12 लड़कियां शामिल हैं। इनमें से 8 बच्चे स्कूल जाते हैं और ब्लू बर्ड स्कूल, एक निजी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ते हैं। भारद्वाज ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच की और पाया कि आश्रय गृह में कुल 25 सीसीटीवी कैमरे थे, जिनमें से दो काम नहीं कर रहे थे। आश्रय गृह में कर्मचारियों की संख्या 37 थी, जिसमें से केवल दो सदस्य सफाई के लिए नियुक्त थे। सुश्री भारद्वाज ने दान रजिस्टर, बिजली बिल, व्यय रजिस्टर, मास्टर एडमिशन रजिस्टर, गोद लेने का रजिस्टर, बजट आवंटन रजिस्टर, बच्चों के व्यय रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर और दुर्घटना रजिस्टर सहित कई रजिस्टरों की समीक्षा की। उन्होंने दैनिक और मासिक व्यय के बारे में पूछताछ की और उन्हें बताया गया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद ने कर्मचारियों के वेतन और दिन-प्रतिदिन के खर्चों को कवर करने के लिए धन उपलब्ध कराया है।

**बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति:** भारद्वाज ने विशेष रूप से विशेष जरूरतों वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने विशेष जरूरतों वाले बच्चों के मेडिकल रिकॉर्ड की जाँच की और अधिकारियों को विशेष जरूरतों वाले बच्चों और चिकित्सा की आवश्यकता वाले बच्चों की नियमित चिकित्सा जाँच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सुश्री भारद्वाज ने आश्रय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करें और सभी बच्चों, विशेष रूप से विशेष जरूरतों वाले बच्चों की भलाई सुनिश्चित करें। उन्होंने शिशु गृह में रहने वाले बच्चों के लिए एक सुरक्षित और पोषण वातावरण प्रदान करने के लिए स्वच्छता, सुरक्षा और उचित रिकॉर्ड रखने के महत्व को दोहराया।

# नेता शहीद रामनाथ महतो की स्मृति में जीवन और संघर्ष विषय पर एक सेमिनार का किया गया आयोजन

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर दिनांक 5 फरवरी 2025-भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की खानपुर लोकल कमिटी की ओर से पार्टी के नेता शहीद रामनाथ महतो की स्मृति में "शहीद रामनाथ महतो-जीवन और संघर्ष" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। खानपुर उत्तरी पंचायत भवन पर आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता महेश कुमार राय ने किया। सेमिनार में पार्टी विधायक दल के नेता एवं विभूतिपुर के विधायक अजय कुमार, पार्टी के जिला सचिव रामाश्रय महतो, पूर्व प्राचार्य एवं पार्टी राज्य कमिटी सदस्य शाह जफर इमाम, पार्टी के खानपुर लोकल कमिटी सचिव प्रेमानंद सिंह के अतिरिक्त पार्टी के स्थानीय नेता विजय कुमार आजाद, सीता राम महतो, राम ज्ञान राय, शिवराम महतो एवं उपहार कुमार ने अपने -अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के पूर्व शहीद रामनाथ महतो के चित्र पर सभी उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। विधायक अजय कुमार ने कहा कि एक कम्युनिस्ट के लिए अपने जीवन को शोषित पीड़ित जन-गण के लिए समर्पित कर देना ही सबसे बड़ी कुर्बानी होती है। उन्होंने कहा कि एक कम्युनिस्ट ही समाज की बेहतरी के लिए अपने दिल में जज्बा रखता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि शहीद रामनाथ महतो के नक्शे कदम पर चलते हुए एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान करें। सेमिनार में दर्जनों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।



# करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव दो मार्च को

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम, इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव के लिये मतदान दो मार्च को होगा। इसी दिन असंध नगर पालिका चेयरमैन पद के लिये और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड 5 का उपचुनाव कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित निकाय क्षेत्रों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

उपायुक्त के अनुसार निकाय चुनाव के लिए संबंधित आरओ की तरफ से आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव लड़ने के इच्छुक 11 से 17 फरवरी तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर सभी कार्य दिवसों में नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके बाद 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किये जाएंगे।

**उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता:** उपायुक्त ने बताया कि मेयर पद के सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, एससी महिला एवं अनुसूचित जाति के पुरुष के लिए आठवीं कक्षा पास होना जरूरी है। नगर निगम के पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रधान के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति की महिला एवं अनुसूचित जाति के लिए आठवीं पास होना जरूरी है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के लिए 10वीं, महिला, अनुसूचित जाति के लिए आठवीं और अनुसूचित जाति की महिला के लिए पांचवीं पास होना जरूरी है।

**ये रहेगी जमानत राशि:** उन्होंने बताया कि नगर निगम में मेयर पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 10 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए 5 हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर निगम में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 3 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए 1500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है।

इसी प्रकार नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 2 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए एक हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए एक हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए 500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है।

**चुनावी खर्च की सीमा:** उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निगम मेयर पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 30 लाख रुपये, पार्षद पद के लिए 7 लाख 50 हजार रुपये तय की गई है।

# हिमाचल के पर्यटन स्थलों में ताजा हिमपात

**(एजेन्सी)।**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात दर्ज किया गया, जबकि मौसम विभाग ने कुछ जिलों में आंधी और बिजली गिरने की आशंका व्यक्त करते हुए येलो अलर्ट जारी किया। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल और स्पीति तथा चंबा जिलों के कुछ स्थानों पर हिमपात हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, शिमला जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नारकंडा और कुफरी, चंबा के डलहौजी और कुल्लू जिले के मनाली और आसपास के इलाकों में हिमपात हुआ। मंडी जिले के सेराज, पराशर, शिकारी और कमरूनाग से भी हिमपात की खबरें मिलीं।


शिमला शहर में ओलावृष्टि हुई, जबकि आसपास के जुब्बड़हट्टी और कुफरी में क्रमशः 8.3 सेमी और 4 सेमी बर्फ गिरी। राज्य में सबसे अधिक वर्षा सलोनी में 44.3 मिमी दर्ज की गई। इसके बाद कसोल में 30 मिमी, करसोग में 24.3 मिमी, भुंतर में 21.4 मिमी, जोगिंद्रनगर में 19 मिमी, बंजार में 18.2 मिमी, शिमला में 16.2 मिमी और गोहर में 16 मिमी बारिश हुई। शिमला, जुब्बड़हट्टी, कांगड़ा, जोत, भुंतर, पालमपुर और सुंदरनगर में गरज के साथ वर्षा हुई।

बिलासपुर और मंडी में हल्का कोहरा दर्ज किया गया। ताजा बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं और लाहौल एवं स्पीति पुलिस ने यात्रियों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने बुधवार को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा और सोलन के कुछ हिस्सों में आंधी और बिजली गिरने के लिए येलो चेतावनी जारी की।



हिमपात से होटल व्यवसायियों को पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद जगी। इससे लंबे समय से राज्य में सूखे की स्थिति को लेकर चिंतित बागवानों को भी राहत मिली। सेब की खेती के लिए बर्फ को फायदेमंद माना जाता है। हालाँकि, शुष्कता को पूरी तरह से रोकने के लिए हिमपात अपर्याप्त था। मौसम विभाग के अनुसार, कोठी में 33 सेमी, गोंदला में 11 सेमी, केलांग में 9 सेमी, कुकुमसेरी में 8.3 सेमी, भरमौर में 8 सेमी, मनाली में 7.4 सेमी, जोत में 6 सेमी, कल्पा में 5.1 सेमी और शिल्लारू तथा खद्राला में 5 सेमी हिमपात हुआ।

इसके अलावा, विभाग ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को ऊना, बिलासपुर और मंडी के कुछ हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी दी। लाहौल और स्पीति के जनजातीय क्षेत्र में स्थित ताबो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


**आवश्यक सूचना**

तेजी से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।
**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**
**वाटसेप नम्बर: 9871221635**


# पत्रकारो पर हो रहे हमले को लेकर व संगठन को लेकर हुई बैठक

## पत्रकारो ने कोर कमिटी के लिए कुल 21 पत्रकारो के नामों पर सहमति जताई



**संजना भारती संवाददाता**

**भागलपुर।** भागलपुर में प्रखण्ड से लेकर जिला स्तर तक के सभी पत्रकारो की समस्याओं, पत्रकारो पर हो रहे हमले को लेकर व संगठन को लेकर एक बैठक आहूत की गई। सैंडिस मैदान में आहूत बैठक में दर्जनों पत्रकारो ने अपनी राय रखी संगठन बनाने को लेकर चर्चा हुई सर्वसम्मति से संगठन की नींव रखी गयी। प्रेस एसोशिएशन बिहार नाम पर पत्रकारो ने सहमति जताई वहीं संगठन को आगे बढ़ाने उसकी रूपरेखा तैयार करने एकजुट होकर काम करने पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में 90 से अधिक पत्रकार शामिल हुए सभी पत्रकारो ने कोर कमिटी के लिए कूल 21 पत्रकारो के नामों पर सहमति जताई है। कोर कमिटी में जिन पत्रकारों पर सभी पत्रकारो ने सहमति जताई उनके नाम है-मदन कुमार, त्रिपुरारी कुमार, संजयकुमार, नवनीत मिश्रा, आशीष, संजीव, आदित्य, दीपक नौरंगी, अमित राज, विभूति, रिंकू मुस्कान, इनामुद्दीन, श्याम सिंह, मनोज गुप्ता, राजकुमार, विजय सिन्हा निवास मोदी, कन्हैया खंडेलवाल, अभिषेक, अरबिंद, आवेज शामिल है वहीं संयोजक के लिए सभी पत्रकारों ने मिलिंद गुंजन और विकास सिंह के नाम पर सहमति जताई है वहीं मीडिया प्रभारी के लिए शिवम और अश्वनी के नाम पर सहमति जतायी गयी है।

कोर कमिटी संगठन विस्तार प्रक्रिया में आगे बढ़ेगी और प्रेस एसोसिएशन बिहार को मूर्त रूप देगी। बैठक के बाद जिले सभी पत्रकार प्रिंट मीडिया के सभी चारो संपादको से मिकर मार्गदर्शन ली गई।

# शरन्य राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध विरोधी संगठन भारत का प्रधान कार्यालय का किया गया उद्घाटन

**एसबी संवाददाता**

**भागलपुर।** शरन्य राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध विरोधी संगठन भारत का प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जहां से भारत स्तर पर कार्य किया जाएगा जिस स्थान से उसका उद्घाटन मानिकपुर भागलपुर बिहार में किया गया है। 4 फरवरी मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर ईशान सिन्हा द्वारा अब से भारत के प्रत्येक राज्य एवं जिला एवं गांव स्तर पर संगठन पदाधिकारी किस रूप में कार्य करते हैं किस रूप में मानवाधिकार की सेवा करते हैं। इसका सारे कार्य सेवा इस स्थान से मॉनिटरिंग किया जाएगा एवं पूरे भारत में प्रशासनिक स्तर पर मदद लेते हुए हर संभव मानव सेवा में लगाया जाएगा।



यदि कोई भी संगठन पदाधिकारी किसी रूप में संगठन के बैनर तले गलत कार्य करते हुए पकराते हैं या आरोप साबित होता है तो उन पर विधि सम्मत कार्रवाई कर निष्कासित कर दिया जाएगा। इन्ही सब बातों को गंभीरता पूर्वक विचार गोष्ठी कर कार्यालय का स्थापना किया गया है। एवं पूरे नियम कानून के साथ प्रशासनिक सहयोग लेते हुए भारत स्तर पर अब हमारा संगठन कार्य करेगा एवं मानव सेवा में लोगों की सेवा भी करेगा।

कार्यक्रम में बिहार प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार श्रीवास्तव जी, बिहार प्रदेश महासचिव प्रसेनजीत सिंह उर्फ हंसल सिंह, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष शशी भगत जी, बिहार मेडिकल हेड डॉ शिवम, झारखंड प्रदेश महिला सचिव रुपाली एवं भागलपुर जिला की मानवाधिकार कर्मठ सदस्य गण गुंजन झा एवं नीलम कुमारी एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तारकेश्वर प्रसाद मिश्रा एवं समाज की सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष कार्यकर्ता और मीडिया गण कार्यक्रम में मौजूद थे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य किए व्यक्तियों को एवं महिलाओं को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया है।

# आईआईआईटी भागलपुर के स्टार्टअप सेल ने स्केलअप यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया



**एसबी संवाददाता**

**भागलपुर।** बुधवार को आईआईआईटी भागलपुर के स्टार्टअप सेल ने स्केलअप यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जिसका उद्देश्य युवा दिमागों के बीच उद्यमशीलता विकास और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम महत्वाकांक्षी उद्यमियों, उद्योग जगत के नेताओं और स्टार्टअप उत्साही लोगों को एक साथ लाया।जो ज्ञान साझा करने और नेटवर्किंग के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता है।

कार्यक्रम की शुरूआत स्टार्टअप सेल के संकाय प्रभारी डॉ. संदीप राज के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और लचीलेपन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्केलअप यात्रा जैसे मंच उभरते उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच की दूरी को कैसे पाट सकते हैं, जिससे आईआईआईटी भागलपुर में एक मजबूत स्टार्टअप संस्कृति को सक्षम किया जा सकता है।

आईआईआईटी भागलपुर के कैंपस समन्वयक डॉ. धीरज कुमार सिन्हा ने कहा है कि उद्यमिता और स्टार्टअप नवाचार को बढ़ावा देकर, नौकरियां पैदा करके और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालाँकि शुरूआत में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन सरकार की सहायक पहल और भारतीय युवा दिमाग की उद्यमशीलता की भावना स्टार्टअप के निरंतर विकास के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है। हमें सरकारी पहल का लाभ उठाना चाहिए और समाज की भलाई के लिए विचारों को वास्तविकता में लाना चाहिए। रजिस्ट्रार (प्रभारी) डॉ. गौरव कुमार ने सपनों के उत्प्रेरक के रूप में स्टार्टअप सेल के महत्व पर जोर दिया।

आईआईआईटी भागलपुर का स्टार्टअप सेल उद्यमशीलता प्रतिभा को पोषित करने में एक प्रेरक शक्ति बना हुआ है, और स्केलअप यात्रा की सफलता एक स्थायी और प्रभावशाली स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए युवा नवप्रवर्तकों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# शक्ति है सशक्त है भारतीय नारी, कम ना ज्यादा है बराबर की अधिकारी : विजय रहाटकर

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरमैन श्रीमती विजय रहाटकर ने कहा कि भारतीय महिलाओ ने प्राचीन समय से ही खुद को साबित किया है। पूरे विश्व में भारतीय महिलाओं को डंका बज रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री कहते हैं कि शक्ति है, सशक्त है भारतीय नारी, कम ना ज्यादा है बराबर की अधिकारी।

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरमैन श्रीमती विजय रहाटकर बुधवार को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में महिलाओं का यौन उत्पीड़न, पॉश एक्ट और पोक्सो एक्ट पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी।



चेयरमैन ने बताया कि महिलाओं की जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं। देश में महिलाओं को भगवान के बराबरी का दर्जा मिला हुआ है। वो परिवार का संभालती है, बच्चों को संस्कारित करती है। साथ ही अपने करियर के रास्ते तैयार करती है। उन्होंने कहा कि देश में अत्याचार की घटनाएं भी संज्ञान में आ रही है, जो लगातार चिंता का विषय बनता जा रहा है। महिलाएं, युवतियां खुद के सुरक्षा के लिए आगे आ रही हैं। समाज भी उनका सहयोग करने की जरूरत हैKउन्होंने कहा कि सरकारी, प्राइवेट संस्थान, स्कूल, कॉलेज सहित अन्य जगहों पर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए आईसी कमेटी का गठन किया हुआ है। उस कमेटी की हर 3 महीने में बैठक होनी जरूरी है। साथ ही उनके पास जो भी शिकायत आती है, उस शिकायत पर महिलाओं की शिकायत पर संज्ञान लेना भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रोटेक्शन अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी थानों में जाकर शिकायतों का स्टेटस जानना चाहिए। शिक्षकों को भी अपने-अपने शिष्यों को इस विषय में जागरूक करना चाहिए। साथ ही आसपास ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि सभी महिलाओं को यौन उत्पीड़न के कानूनी की जानकारी अवश्य हासिल करें और जरूरत पड़ने पर प्रयोग करें।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरमैन श्रीमती रेनू भाटिया ने कहा कि मोबाइल हमारा सहयोगी होने के साथ साइबर अपराध के कारण सबसे बड़ा दुश्मन है। आज हर व्यक्ति को साइबर लॉ की जानकारी लेनी होगी। तभी साइबर क्राइम को रोका जा सकता है। शिक्षक स्कूलों में ही बच्चों को साइबर क्राइम की जानकारी देनी सुनिश्चित करें। उन्होंने श्रीमती वियज रहाटकर से आग्रह किया कि प्रदेश में एनआरआई संबंधी मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इन मामलों में गृह और विदेश मंत्रालय तक आवाज पहुंचाकर इन पर कोई कानून बनाने की जरूरत है।

कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से समाज में हो रहे अपराधों और घटनाओं को प्रस्तुत किया। राज्य महिला आयोग ने पिछले कामकाजों पर तैयार की गई बुकलेट का विमोचन किया। कार्यक्रम में पॉश एक्ट पर एडवोकेट रीतू कपूर और नंदिता भट्ट, पोक्सो एक्ट पर एडवोकेट दीपा ने विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर आयोग की सचिव मोनिका मलिक, अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, बाल आयोग की अध्यक्षा प्रवीन जोशी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा प्रतिभा सुमन, सिविल सर्जन डा. मुक्ता कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, डब्ल्यूसीडी मीना सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

## 'सभी 20 वार्डो में भाजपा के बनेंगे निगम पार्षद'

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने बुधवार को चण्डीगढ में मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर मे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने करनाल विधानसभा से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया की करनाल से भाजपा का भारी बहुमत से मेयर बनेगा तथा करनाल के सभी 20 वार्डों में भाजपा के निगम पार्षद बनेगें।



विधायक जगमोहन आनंद ने मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करनाल विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों एवं करनाल के विकास को लेकर योजनाओं बारे विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है तथा विकास कार्यों में पहले की ही तरह किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी बल्कि ओर तेज गति से विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 100 दिन के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए जन-कल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनानें का काम किया गया है।

प्रदेश सरकार जनता के कार्यो के लिए नॉन स्टोप विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदों के साथ लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का शत प्रतिशत प्रयास किया जाएगा।

# नवीन जिन्दल फाऊंडेशन द्वारा गांव रोहेड़ा में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन होगा: कर्मबीर सिसोदिया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नवीन जिन्दल फाऊंडेशन संसदीय क्षेत्र कुरुक्षेत्र में लगातार जनहित, लोक हित के लिए शिविरों का लगातार आयोजन कर रहा है। जिससे पात्र नागरिक लगातार लाभ उठा रहे हैं।

हल्का कलायत प्रभारी कर्मवीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि दिनांक 06 फरवरी, दिन वीरवार को नवीन संकल्प शिविर का आयोजन कलायत विधानसभा क्षेत्र के गाँव रोहेड़ा में समय 10 से सांयकाल 4 बजे तक स्थान-जनरल चौपाल (फोनका पट्टी) में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अनुरोध किया कि शिविर में पहुंचकर जनहितेषी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस शिविर में पात्र नागरिकों को पेंशन, परिवार पहचान पत्र, नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना और मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं (निशुल्क दवाईआँ व ब्लड टेस्ट) उपलब्ध कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सभी गांवों को कवर किया जा रहा है।



# कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री को सौंपी कार्य प्रगति पुस्तिका

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, चुनाव, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास संत कबीर कुटीर में मुलाकात कर सरकार के 100 दिन की अवधि में उनके विभागों की गतिविधियों की कार्य प्रगति पुस्तिका सौंपी। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि और डबल इंजन हरियाणा सरकार, तिगुनी रफ्तार के साथ संकल्प पर मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि इन 100 दिन के कार्यकाल के दौरान राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह के राज्य स्तरीय आयोजन रोहतक व गुरूग्राम में करवाए गए, ताकि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकार से समृद्धि के संकल्प पर आमजन को जागरूक किया जा सके। इस कड़ी में गोहाना से प्रदेश भर के लिए जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का भी आगाज किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात करते हुए हरियाणा के पर्यटन को दुनिया के मानचित्र पर लाने पर चर्चा की। इसके अलावा, सिंधु-सरस्वती सभ्यता के महत्वपूर्ण केंद्र राखीगढी को अंतरराष्ट्रीय पहचान के तौर विकसित करने के मकसद से राखीगढी महोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन में सर्किट के दायरे में आने वाले क्षेत्रों के विकास और संजोने को लेकर प्रक्रिया को तेज किया गया। प्रदेश की जिला कारागार में कैदियों व बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गीता पाठ को प्रारंभ करवाया गया तथा उनकी सुविधाओं में बढोतरी के लिए प्रयास किए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगमों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए नवोन्मेषी योजनाएं तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसमें सहकारी समितियों को मुनाफे, वीटा द्वारा शुगर फ्री उत्पाद बनाने व विरासत साइटों को आमजन के मध्य लोकप्रिय बनाना भी शामिल है।



## सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में डॉक्टर अरविंद शर्मा के विभागों की गतिविधियों पर आधारित है पुस्तिका

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विभागीय योजनाओं को निरन्तर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जा सके।

# रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर लगाया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चो के लिए रक्त की कमी ना हो इसलिए आज रेड क्रॉस भवन करनाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कोर्ट के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट इरम हसन ने शिविर में पहुँच कर रक्तदाताओं को बेज लगाया और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया साथ ही रेडक्रॉस करनाल द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की और रेडक्रॉस के मानव कल्याण में मानवीय योगदान के लिए प्रशंसा की।

रक्तदान शिविर में दोपहर एक बजें तक 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन किया। पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए रेडक्रॉस कार्यालय से टी आई प्रोजेक्ट की लेखाकार सपना पाल ने भी रक्तदान किया।

इस अवसर पर इंचार्ज ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल डॉ. संजय वर्मा की अगवाई में टीम ने रक्त एकत्रित किया और रेडक्रास कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्व. सूरजमल जी का निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति: अनिल विज

## मंत्री से मेरठ छावनी के विधायक अमित अग्रवाल ने की शिष्टाचार भेंट

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चण्डीगढ।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज मेरठ के कस्बा सरधना में जाकर चंडीगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार श्री योगेंद्र शर्मा के पूज्य पिता, स्व. सूरजमल जी की रस्म पगड़ी में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने स्व. सूरजमल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में अपनी संवेदनाएं सांझा की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व. सूरजमल जी का निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है, और उनकी यादें हमेशा जीवित रहेंगी। श्री अनिल विज ने स्व. सूरजमल जी के जीवन और उनके कार्यों की सराहना की और कहा कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी अपने परिवार और समाज की सेवा में समर्पित की। उनका योगदान और प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उदाहरण रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सूरजमल जी की मेहनत, ईमानदारी और उनके उच्च विचार हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे।



श्री विज ने शोक संतप्त परिवार के साथ समय बिताया और उन्हें इस कठिन समय में सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है, लेकिन हमें इस दुख की घड़ी में एक दूसरे का साथ देना होगा। सूरजमल जी की अच्छाई और उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्य हमेशा याद किए जाएंगे। श्री विज ने योगेंद्र शर्मा और उनके परिवार को दिल से हिम्मत दी और कहा कि वह हर स्थिति में उनके साथ हैं।

इसके अलावा, श्री अनिल विज ने यह भी कहा कि इस प्रकार के दुखद समय में समाज को एकजुट होना चाहिए और परिवार को संबल देने के लिए आगे आना चाहिए। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के बाद उन्होंने परिवार के सदस्य से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री श्री विज ने इस अवसर पर सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त की और उन्हें इस कठिन समय में साहस देने का प्रयास किया। इस मौके पर कई प्रमुख व्यक्ति भी शामिल हुए, जिन्होंने स्व. सूरजमल जी की यादों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उधर दूसरी ओर हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री श्री अनिल विज से आज मेरठ छावनी के भाजपा विधायक श्री अमित अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंटवार्ता करते हुए मेरठ आने पर उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनकी कार्यशैली की भरपूर प्रशंसा की, वही अन्य नेताओं एवं स्थानीय लोगों ने भी ऊर्जा मंत्री अनिल विज का मेरठ पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

# जिला के तीन लाख 86 हजार 515 लोगों ने उठाया निरोगी हरियाणा योजना का लाभ: डीसी प्रीति

## अंत्योदय परिवार के सदस्यों की निशुल्क की जाती है स्वास्थ्य जांच

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार निरोगी हरियाणा के तहत अंत्योदय परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। जिले में अब तक अंत्योदय परिवार के सवा तीन लाख 86 हजार 515 लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले चुके हैं। इस योजना के तहत इन परिवार के सदस्यों के निशुल्क जांच की गई है। हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई निरोगी हरियाणा योजना का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनकी सहूलियत के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की प्रमुख योजना निरोगी हरियाणा का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 29 नवंबर 2022 को कुरुक्षेत्र से किया था। इसके तहत 1.8 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों (अंत्योदय परिवार) की व्यापक बुनियादी स्वास्थ्य जांच 2 वर्षों में कम से कम एक बार निःशुल्क की जाती है। इसके अलावा योजना के अंतर्गत अगर कोई भी गंभीर बीमारी है, तो उसकी जांच भी सरकार द्वारा निशुल्क की जा रही है। इसमें विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज संस्थाएं व शहरी स्थानीय निकाय तथा स्वयं सहायता समूह आदि शामिल है। आंगनबाड़ी तथा स्कूलों में आने वाले बच्चों तथा उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों का भी निशुल्क सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। स्वास्थ्य जांच सुचारू रूप से करने के लिए अंत्योदय लाभार्थी को 6 आयु श्रेणियों में बांटा गया है। लोगों को अपना हेल्थ चेकअप जरूर कराना चाहिए। इससे समय रहते बीमारियों का पता लगाया जा सकता है।

### ये हुए हैं अब तक टेस्ट

| आयु वर्ग | टेस्ट लाभार्थी |
|---|---|
| शून्य से लेकर 6 महीने तक के बच्चे | 1255 |
| 6 महीने से लेकर 59 महीने तक के बच्चे | 43266 |
| 6 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के लोग | 97612 |
| 18 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक के लोग | 134953 |
| 40 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के लोग | 71226 |
| फिर 80 वर्ष से अधिक के लोग | 38203 |
| **कुल** | **386515** |



उपायुक्त कैथल प्रीति।

**विभिन्न आयु वर्ग में होते हैं ये टेस्ट:** आयु के अनुरूप शारीरिक जाँच के अलावा निम्नलिखित 25 से ज्यादा निशुल्क परीक्षण करने का प्रावधान है। इनमें एचबी, सीबीसी, ब्लड शुगर, सीरम कोलेस्ट्रॉल, सीरम क्रिएटिनिन, ब्लड यूरिया, थाइराइड, प्रोस्टेट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, यूरिन आदि शामिल हैं।

# जिले के समाधान शिविरों में आई 12 शिकायतें, 11 का हुआ मौके पर समाधान

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार तथा डीसी प्रीति के मार्गदर्शन लघु सचिवालय के साथ-साथ उप मंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा है। जिले के सभी समाधान शिविरों में कुल 12 शिकायतें आई, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में 7 शिकायतें आई, जिसमें से 6 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं उपमंडल गुहला-चीका के खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय में लगाए जा रहे समाधान शिविर में 5 शिकायत प्राप्त हुई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक अच्छी पहल है। आमजन को एक ही छत के नीचे सभी विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहते हैं, जिससे किसी समस्या का जल्द समाधान होना संभव हो जाता है। आमजन को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समाधान शिविर में स्वयं उपस्थित रहें और लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनें। शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए।

## मुख्यमंत्री हरियाणा के निर्देश अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर: उपायुक्त कैथल

इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों आती हैं।

# हरियाणा में 12 आईएएस और 67 एचसीएस अधिकारियों का तबादला

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए तुरंत प्रभाव से 12 आईएएस और 67 एचसीएस अधिकारियों के नियुक्ति एवं तबादला आदेश जारी किए हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल को महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का प्रभार भी सौंपा गया है।

महिला एवं बाल विकास तथा अभिलेखागार विभागों की आयुक्त एवं सचिव श्रीमती अमनीत पी. कुमार को मत्स्य पालन तथा अभिलेखागार विभागों की आयुक्त एवं सचिव लगाया गया है।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त, आबकारी एवं कराधान विभाग की सचिव तथा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की प्रबंध निदेशक श्रीमती आशिमा बराड़ को सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव तथा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की प्रबंध निदेशक लगाया गया है।

अम्बाला के मंडलायुक्त फूल चंद मीणा को रोहतक का मंडलायुक्त लगाया गया है।

अभिलेखागार विभाग के महानिदेशक एवं सचिव शेखर विद्यार्थी को अग्निशमन सेवाएं विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक एवं सचिव दुष्मंता कुमार बेहरा को परिवहन आयुक्त तथा परिवहन विभाग के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक एवं रोहतक के आयुक्त अंशज सिंह को स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान का महानिदेशक एवं अम्बाला का आयुक्त लगाया गया है।

मानव संसाधन विभाग के निदेशक एवं व्यापार मेला प्राधिकरण हरियाणा के प्रशासक विनय प्रताप सिंह को आबकारी एवं कराधान आयुक्त, आबकारी एवं कराधान विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

पर्यटन विभाग के निदेशक एवं विशेष सचिव डॉ. शालीन को हरियाणा राज्य भांडागार निगम के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

झज्जर की अतिरिक्त उप आयुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी सलोनी शर्मा को भिवानी की अतिरिक्त उप आयुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी तथा जिला नगर आयुक्त, भिवानी लगाया गया है।

भिवानी के अतिरिक्त उप आयुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी तथा जिला नगर आयुक्त, भिवानी हर्षित कुमार को नगर निगम, सोनीपत का आयुक्त तथा जिला नगर आयुक्त, सोनीपत लगाया गया है।

फतेहाबाद के अतिरिक्त उप आयुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी राहुल मोदी को जिला नगर आयुक्त, रेवाड़ी लगाया गया है।

एचसीएस अधिकारियों में, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के विशेष सचिव तथा शिवालिक विकास एजेंसी, अंबाला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीरेंद्र सिंह सहरावत को अतिरिक्त श्रम आयुक्त (प्रशासन) तथा हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का सचिव नियुक्त किया गया है।

उत्कर्ष सोसायटी के सचिव-सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग ढालिया को फतेहाबाद का अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी, फतेहाबाद लगाया गया है।

राज्य चुनाव आयोग के सचिव योगेश कुमार मेहता को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग का अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) तथा विशेष सचिव लगाया गया है।

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला के सचिव नवीन कुमार आहूजा को यमुनानगर का अतिरिक्त उप आयुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

मॉडल संस्कृति स्कूल के अतिरिक्त निदेशक मनीषा शर्मा को जिला नगर आयुक्त, पलवल लगाया गया है।

शाहाबाद के उपमंडल अधिकारी (नागरिक)-सह-अतिरिक्त कलेक्टर विवेक चैधरी नगर निगम, पानीपत का अतिरिक्त आयुक्त लगाया गया है।

जिला परिषद, पानीपत तथा डीआरडीए, पानीपत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक आबकारी एवं कराधान विभाग में फ्लाइंग स्क्वायड अधिकारी लगाया गया है।

जिला परिषद, झज्जर तथा डीआरडीए, झज्जर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार-1 को नगर निगम, फरीदाबाद का संयुक्त आयुक्त लगाया गया है।

गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी त्रिलोक चंद को बड़खल का उप मंडल अधिकारी (नागरिक) लगाया गया है।

हरियाणा रोडवेज, रोहतक के महाप्रबंधक भारत भूषण गोगिया को हरियाणा रोडवेज, गुरुग्राम का महाप्रबंधक लगाया गया है।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, फरीदाबाद की सम्पदा अधिकारी तथा भूमि अधिग्रहण अधिकारी, फरीदाबाद गौरी मिड्ढ़ा को फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण, हरियाणा के सचिव जगदीप सिंह को मंडलायुक्त हिसार के कार्यालय में ओएसडी लगाया गया है।

राज्य परिवहन, हरियाणा की अतिरिक्त निदेशक डॉ. पूजा भारती हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला में सचिव लगाया गया है।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र के सम्पदा अधिकारी परमजीत चहल को उप मंडल अधिकारी (नागरिक), उत्तरी गुरुग्राम लगाया गया है।

# इग्नू में बीएड और बीएससी नर्सिंग(पीबी) प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) द्वारा जनवरी 2025 सत्र के लिए बीएड और बीएससी नर्सिंग(पीबी) प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गयी है।

इस बारे में जानकारी देते हुए इग्नू के करनाल क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया की विश्वविद्यालय में बीएड कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि दो वर्ष है। बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) कार्यक्रम केवल अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में पेश किया जाता है। जिन उम्मीदवारों के पास स्नातक की डिग्री और/या विज्ञान, सामाजिक विज्ञान/वाणिज्य/मानविकी में मास्टर डिग्री में कम से कम 50 प्रतिशत अंक या इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में विज्ञान और गणित विशेषज्ञता के साथ 55 अंक के साथ स्नातक या उसके समकक्ष कोई अन्य योग्यता और प्रारंभिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवाकालीन शिक्षक तथा जिन अभ्यर्थियों ने एनसीटीई से मान्यता प्राप्त शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम "फेस-टू-फेस" मोड में पूरा कर लिया है. वे बीएड के लिए प्रवेश परीक्षा दे सकते है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है।

# हरियाणा में दो आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी को हरियाणा भवन, नई दिल्ली के चीफ रेजिडेंट कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसके अलावा, गुरुग्राम के मण्डलायुक्त को हिपा, गुरुग्राम के महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

# हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए सुपर 100 परिक्षा का आयोजन

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद के संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ब्लाक स्तर पर सुपर सौ स्कीम का लेवल-1 प्रतियोगी परीक्षा का शांतिपूर्ण आयोजन हुआ। हरियाणा सुपर सौ प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है।


हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के तहत आज 36517 से अधिक छात्रों ने पूरे प्रदेश के 151 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित लेवल-1 परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा में कक्षा 10 के छात्रों के लिए 200 अंकों का गणित आधारित प्रश्नपत्र था, जिसमें 50 प्रश्न शामिल थे और निगेटिव मार्किंग भी लागू थी। परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को लेवल-2 वर्कशॉप के लिए हरियाणा सुपर 100 कैंपस, कुरुक्षेत्र बुलाया जाएगा। तीन दिवसीय इस वर्कशॉप के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। जिसके बाद प्रदेशभर से 400 मेधावी छात्रों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम का उद्देश्य आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण तैयारी करवाना है। चयनित छात्रों को आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री, ड्रेस आदि सभी सुविधाएं हरियाणा सरकार द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

हरियाणा सरकार विकल्प फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित कर रही है। यह कार्यक्रम प्रदेश के मेधावी छात्रों को न केवल संसाधन उपलब्ध कराता है, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

### अब तक की उपलब्धियाँ

2018 में शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत अब तक छह बैच प्रशिक्षित हो चुके हैं और शानदार परिणाम सामने आए हैं:
258+ छात्र आईआईटी और मेडिकल में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। 80 छात्र आईआईटी में चयनित हुए, 62 छात्र NIT और IIIT में पहुंचे।
56+ छात्र अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला ले चुके हैं।
6 छात्र AIIMS में चयनित हुए।
38 छात्र सरकारी MBBS कॉलेजों में पहुंचे।
20 छात्र अन्य मेडिकल कोर्सेज में प्रवेश ले चुके हैं।



विकल्प फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं सुपर सौ के डायरेक्टर नवीन मिश्रा सुपर सौ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। यह योजना, गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य का एक नया सवेरा लेकर आई है। निःसंदेह गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार के सरकारी स्कूल की कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थी जो डाक्टर, इंजीनियरिंग बन कर देश व समाज सेवा करना चाहते थे। इस योजना ने उन मेधावी विद्यार्थियों को सफलता के पंख लगा दिए हैं। जिसका श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित शिक्षा विभाग हरियाणा, विभाग के निपुण आईएएस ऑफिसर को जाता है। जिसका लाभ गरीब व मध्यम वर्गीय सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी बखूबी उठा रहे हैं।